Creation of a National Pool Electricity from various Water Falls

958. SHRI RAMJELAL: Will the Minister of POWER be pleased to refer to the answer of the Unstarred Question 205 given in the Rajya Sabha on the 24th November, 1992 and state:

(a) whether Government propose to create a National Pool of Electricity from' the various water falls or sources where flow of water is fast in view of hydro electricity being cost effective than .other;.modes of generating electri city;

(b) if so, by when the scheme is likely to be implemented; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) NO, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Factors like financial constraints; ecological-, environmental and rehabilitation considerations as well as inter-State river weter disputes, are the hurdles for execution of a National pool as suggested above.

कहलगांव ताप विद्युत केन्द्र का चालू किया जाना

959. श्री गया सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री 24 नवम्बर, 1992 को राज्य में अतारांकित प्रश्न सं० 221 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कहलगांव विद्युत केन्द्र के कब तक चालू होने की संभावना है ; और

(ख) यह अपनी पूर्ण क्षमता के अनुसार कब तक बिजली का उत्पादन करना आरम्भ कर देगा ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन की कहलगांव सुपर ताप विद्युत परियोजना में 210-210 मेगावाट के 4 यूनिट शामिल हैं । इन यूनिटों को चालू किये जाने संबंधी कार्यक्रम इस प्रकार है:-

यूनिट-1	मार्च, 92 में समकालिन किया गया
यूनिट-2	1993-94 की दूसरी तिमाही
यूनिट-3	1994-95 की प्रथम तिमाही
यूनिट-4	1994-95 की चौथी तिमाही

(ख) यह परिकल्पना की गई है कि यूनिट-4 को चालू करने के बाद विद्युत केन्द्र द्वारा 840 मे०वा० की अपनी पूर्ण क्षमता का विद्युत उत्पादन करना आरम्भ कर दिया जायेगा ।

राजधानी में आयोजित राज्यों के बिजली मंत्रियों के सम्मेलन में लिये गये निर्णय

960. श्री सोमपाल :
श्री कृष्ण लाल शर्मा :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजधानी में जनवरी, 1993 में राज्यों के बिजली मंत्रियों का एक सम्मेलन हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो इसमें क्या निर्णय लिये गये ;

(ग) क्या राज्यों के बिजली के उत्पादन तथा उनके बिजली बोर्डों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिये केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराने का कोई कार्य योजना तैयार की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो इसकी रूपरेखा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) 8 तथा 9 जनवरी, 1993 को नई दिल्ली में आयोजित विद्युत सम्मेलन में जो कार्य योजना अपनाई गई थी उसमें राज्य बिजली बोर्डों से संबंधित निम्न कार्य निष्पादन को भी शामिल किया गया था ताकि राज्य बिजली बोर्डों द्वारा अपर्याप्त संसाधन जुटाये जाने और निवल अचल परिसंपत्तियों पर सांविधिक निर्धारित 3% की दर से लाभ अर्जित करना सुनिश्चित किया जा सके ।

1. संयंत्र भार अनुपात में सुधार

2. पारेषण और वितरण संबंधी हानियों को मात्रा को कम करना

3. युक्तिसंगत टैरिफ

4. राज्य बिजली बोर्डों की ओर बकाया राशियों का निपटान

5. विदेशी सहायता का समुपयोजन; और

6. विद्युत के उत्पादन एवं वितरण में निजी क्षेत्र की सहभागिता ।

हरियाणा में विद्युत संयंत्र

961. श्री रामजी लाल : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हरियाणा में कार्य न कर रहे बड़े ताप विद्युत संयंत्रों की संख्या कितनी है और इनके कार्य न करने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या राज्य में विदेशी सहायता से नये विद्युत संयंत्र लगाये जाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो किस देश से वित्तीय सहायता ली जा रही है; और इन पर कुल कितना धन खर्च होगा तथा इन परियोजनाओं से जिलावार कितना विद्युत उत्पादन होने का अनुमान है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) हरियाणा में सभी विद्यमान ताप विद्युत संयंत्र संतोषजनक रूप से कार्य निष्पादन कर रहे हैं ।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एन.टीपीसी) के फरीदाबाद गैस आधारित विद्युत केन्द्र चरण-i (400 मेगावाट) को वित्तीय सहायता हेतु के०एफ०डब्ल्यू० (जर्मनी) और ओ० ई०सी०एफ० (जापान) को प्रस्तुत किया गया है । दोनों में से अभी तक किसी भी द्वारा परियोजना का मूल्यांकन नहीं किया गया है । गैस कम मात्रा में उपलब्ध होने से संशोधित व्यवहार्यता रिपोर्ट और संशोधित लागत अनुमान तैयार किये जाने आवश्यक हैं जोकि तैयार किये जा रहे हैं । एन.टी.पी.सी. का समयबद्ध (टाइम स्लाइस) प्रस्ताव जोकि विश्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है, में इस परियोजना को शामिल किया गया है ।

हरियाणा में ताप तथा पन बिजली संयंत्र

962. श्री रामजी लाल : क्या विद्युत मंत्री 18 अगस्त, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 4358 और 4359 के दिये गये उत्तरों को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हरियाणा में 28 फरवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार बड़े तथा छोटे ताप विद्युत संयंत्रों और पन बिजली विद्युत संयंत्रों की संख्या कितनी-कितनी है और प्रत्येक संयंत्र से कितनी मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है ;

(ख) क्या उपरोक्त विद्युत उत्पादन हरियाणा राज्य की बिजली की मांग/आवश्यकता को पूरा करता है ; और